दौरान मध्य प्रदेश में अब तक निम्नलिखित स्थानों पर केन्द्रीय विद्यालय संस्वीकृत किए जा चुके हैं :—

1. जगदलपुर, जिला बस्तर।
2. इटारसी, जिला होशंगाबाद।
3. कोरबा, जिला बिलासपुर।
4. नौरोजाबाद, जिला शाहडोल।

अगले शैक्षिक सत्र के दौरान नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के सम्बन्ध में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। केन्द्रीय विद्यालयों पर होने वाला व्यय योजनेत्तर बजट में से वहन किया जाता है। अतः आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए आवंटन करने का प्रश्न ही नहीं होता।

चालू शैक्षिक सत्र के दौरान मध्य प्रदेश में कोई नवोदय खोले जाने का प्रस्ताव नहीं है। अगले शैक्षिक सत्र अथवा आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इस सम्बन्ध में कोई भौतिक अथवा वित्तीय लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं।

**वन उत्पादों से प्राप्त आय में आदिवासियों की भागीदारी**

129. **श्री अजीत जोगी** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार आदिवासियों के वन सम्पदा पर अधिकार के सिद्धान्त को मान कर उन्हें वन उत्पादों से होने वाली आय में भागीदारी दिलाने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मेनका गांधी)** : (क) से (ग) वन सम्पदा पर आदिवासियों के अधिकार के सिद्धान्त को मानकर उन्हें वन सम्पदा से होने वाली आय में भागीदारी दिलाने के लिए केन्द्रीय सरकार किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। राष्ट्रीय वन नीति, 1988 में निर्धारित किया गया है कि वनों से अधिकार और रियायतें मुख्य रूप से स्थानीय समुदायों, विशेष रूप से आदिवासियों के वास्तविक उपयोग के लिए होने चाहिए। नीति में यह भी बताया गया है कि आदिवासी लोगों और वनों के बीच सहजीवी संबंध को ध्यान में रखते हुए वनों की सुरक्षा, पुनर्जनन और विकास में उन्हें घनिष्ठ रूप से शामिल किया जाए। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि ठेकेदारों के स्थान पर यथाशीघ्र आदिवासी सहकारिता; श्रमिक सहकारितायें; सरकारी निगम आदि जैसी संस्थाएं होनी चाहिए।

**GNP and Per Capita Income**

130. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the GNP and Per Capita Income were the lowest during 1977 to 1980 and have risen thereafter; and

(b) if not, what have been the GNP and Per Capita Income, year-wise, since 1978 upto 1989, alongwith the projections for the next year?

THE PRIME MINISTER (SHRI VISHWA NATH PRATAP SINGH): (a) During the period 1975-76 to 1987-88, the per Capita GNP was the lowest in 1976-77. The GNP increased in the next two years but fell again during 1979-80. However, GNP and Per Capita GNP have recorded a consistent growth since 1980-81 onwards.

(b) The GNP and Per Capita GNP yearwise since 1975-76 upto 1987-88 and the projections for the next two years are presented in the statement enclosed. (*See* below)